डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
14 सितंबर 2023 गुरुवार

आज का मौसम
27 अधिकतम
22 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## बीना में पेट्रो केमिकल प्लांट के शिलान्यास में पीएम ने दिए कई संदेश

# निवेश-निर्माण से लेकर राशन व सनातन मोदी के निशाने पर रहा इंडिया गठबंधन



**बीना/भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बीना रिफायनरी में पचास हजार करोड़ की पैट्रो केमिकल प्लांट की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने केंद्र व राज्य की सरकार के कामकाज, मुफ्त राशन, पक्के घर,मुफ्त इलाज,सस्ते गैस सिलेंडर का उल्लेख किया और एक समय में मप्र व बुंदेलखंड की बदहाली का जिक्र करते हुए कांग्रेस की पूर्व सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने सनातन संस्कृति का भी जिक्र किया और विपक्ष के इंडिया अलायंस पर भी जमकर बरसे। खास बात यह है कि मोदी की महीनेभर में यह दूसरी बुंदेलखंड यात्रा रही। उन्होंने कहा कि कई राज्यों का पूरे साल का बजट भी इतना नहीं होता है। जितना भारत सरकार एक ही प्रोजेक्ट में बीना में लगा रही है। यह मप्र के लिये हमारे बड़े संकल्पों का प्रतीक है।

मोदी ने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि जरूरत इस बात की होती है कि पूरी पारदर्शिता से शासन चले तथा भ्रष्टाचार पर लगाम रहे। मगर वो भी दिन था, जब मप्र में व्यापारी आने की हिम्मत नहीं करता था, यहां अपराधियों का बोलबाला था। हमने



मप्र को भय से मुक्ति दिलाई। पुरानी पीढी को याद होगा कि कांग्रेस ने सड़क बिजली पानी के लिये बुंदेलखंड को तरसा कर रख दिया था। अब यहां यह संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन देश व समाज को विभाजित करने वाला गठजोड है। यह घमंडिया गठबंधन कैसे काम करेगा,जब उसका नेता ही नहीं है। मगर इसका एजेंडा भारत की संस्कृति व आस्था पर हमला करने का है, हर सनातनी को सतर्क रहने की जरूरत है। हजारों साल पुराने सनातन को 'इंडी गठबंधन' तहस-नहस करना चाहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देशवासी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है, इसकी सिध्दी के लिये जरूरी है कि देश आत्मनिर्भर हो। भारत पेट्रोल डीजल भी बाहर से मंगाता हैं। पैट्रो कैमिकल प्रोजेक्ट के लिये भी निर्भर रहना पड़ता है। आज जो शिलान्यास हुआ है, वह इस मामले में आत्मनिर्भर बनाएगा। कई रोजमर्रा की उपयोग की चीजों में इसकी भूमिका होती है। अब यहां नये उद्योग आएंगे, छोटे उद्योगों को मदद मिलेगी। मप्र की औद्योगिक ताकत बढेगी तो सभी को लाभ होगा। बीना रिफायनरी आने वाले समय में हजारों हजार रोजगार देगी। यह गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों के सपनों को सच करने वाली है।

इससे पहले प्रधानमंत्री सुबह दस बजे वायुसेना के विशेष विमान से भोपाल पहुंचे। यहां से वे हेलीकाप्टर के जरिए बीना पहुंचे व रिफाइनरी परिसर में पैट्रोकेमिकल्स कांप्लेक्स का भूमिपूजन किया। पीएम ने मप्र की अठारह सौ करोड की 10 नई औद्योगिक परियोजनाओं का भी सिंगल क्लिक के जरिए शिलान्यास किया। वे बीना में खुले वाहन में सवार होकर सभास्थल तक पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ सीएम शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी रहे।

### ढाई लाख को मिलेगा रोजगारः सीएम

*शिवराज सिंह ने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी-20 की ऐतिहासिक सफलता के बाद यहां आए हैं। बुंदेलखंड की धरती जिसे कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा पिछड़ा रखा। आज जो 50 हजार करोड़ से पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स बन रहा है, उससे भविष्य में भविष्य में दो लाख 45 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, 2014 से पहले भारत में 45 प्रतिशत परिवारों को गैस सिलेंडर नहीं मिलता था। लाइन लगती थी। आज देश में 32 करोड़ गैस सिलेंडर के कनेक्शन हैं।*

## दोनों पक्ष सर्वे पर सख्त, समर्थकों के लिए दिग्गजों ने शुरू किया संघर्ष

**आशीष दुबे/भोपाल**

उम्मीदवार तय करने बैठी कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी दो दिन की कवायद के बाद भी बेनतीजा ही रही है, सिर्फ वही नाम मोटे तौर पर तय हो सके हैं, जहां किसी अन्य की दावेदारी नहीं है या जहां मौजूदा विधायक दमखम के साथ डटा हुआ है। मगर ऐसे चुनिंदा नाम ही हैं। इस हालत में कांग्रेस के टिकटों की सूची जल्द जारी होने के आसार फिलहाल नहीं है बल्कि इसके पहले कांग्रेस अपनी जनआक्रोश रैली और इंडिया गठबंधन नेताओं की संयुक्त सभा को कामयाब बनाने की रणनीति पर चल पड़ी है, ताकि जन आक्रोश रैली को पार्टी के टिकट भंवर में फंसे नेताओं के 'आक्रोश' से बेरंग होने से बचाया जा सके।

विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की 'सामूहिक बैठक' पहले दिन तो सही ट्रैक पर नजर आई और करीब डेढ सौ सीटों पर नाम की चर्चा भी हो गई लेकिन दूसरे दिन यानि बुधवार को अचानक पैंतरा बदला गया तथा नेताओं से वन टू वन चर्चा का फार्मूला आजमाया गया। कमेटी के चेयरमेन जितेंद्र सिंह, सुरजेवालां और कमलनाथ ने अलग अलग चर्चा शुरू की तो हर नेता अपने समर्थकों के नाम पर जोर देने लगे। इसमें कई ऐसे नाम भी उभरे जो कमलनाथ के सर्वे से अलग हैं या जिन पर मप्र में हुई बैठकों में चर्चा नहीं हुई। सूत्रों का यह भी कहना है कि ग्वालियर और भिंड समेत विंध्य के मामलों में दो दिनों की बैठक में कई मतभेद उभर आए हैं और यह टिकट वितरण में गतिरोध का कारण भी बनेंगे। बताते हैं कि पूर्व पीसीसी चीफ अरूण यादव व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने अपने जिले में कुछ नाम सुझाए हैं लेकिन इसके लिये भी उन्हें 'संघर्ष' करना पड़ रहा है। दिग्विजय सिंह व अजय सिंह की भी अलग राय हैं। सूत्रों की मानें तो एक वरिष्ठ नेता ने तो यह सुझाव दिया है कि यदि किसी नेता का किसी क्षेत्र पर प्रभाव है तो उसकी राय से प्रत्याशी तय हो।

### कांग्रेस के दिल्ली टिकट-मंथन से निकला पुराना रोग, अब पार्टी की पहली चिंता जनआक्रोश रैली में रंग भरने की



### अलग-अलग नामों से लंबी खिंचेगी प्रक्रिया

जानकार सूत्रो का कहना है कि मप्र कांग्रेस चीफ कमलनाथ अपने सर्वे में आए नामों को लेकर बहुत आश्वस्त हैं और वे इसी आधार पर आगे बढने पर जोर दे रहे हैं। जबकि कांग्रेस वार रूम द्वारा कराए सर्वे को भी स्क्रीनिंग कमेटी चीफ पूरी तवज्जो देना चाहते हैं, दोनों सर्वे में बहुत क्षेत्रों में अलग नाम हैं। इसीलिये अब टिकटों पर विचार के लिये फिर से एक कवायद होगी। इसके बाद इन नामों को केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष रखा जाएगा। उधर सुरजेवाला कह चुके हैं कि यह लंबी प्रक्रिया है और पार्टी हर बिंदु पर मालूमात के बाद इस मामले में अंतिम निर्णय करेगी।

#### कश्मीर में सबसे बड़े आतंकी हमले के बाद एक्शन

## सेना ने 2 आतंकवादियों को घेरा, एक जवान लापता

**अनंतनाग/राजौरी, एजेंसी।**

अनंतनाग जिले में आतंकी हमले में सेना के कर्नल, मेजर व पुलिस के डीएसपी की शहादत के बाद सेना आतंकियों व उनके ठिकानों पर टूट पड़ी है।

पुलिस ने कहा है कि अनंतनाग में लश्कर के 2 आतंकी छिपे हैं, जिन्हें सेना ने घेर लिया है। इनमें से एक नागम कोकरनाग का रहने वाला उजैर खान है। उजैर, पिछले साल जुलाई में लश्कर से जुड़ा था।

उल्लेखनीय है कि पिछले 3 दिनों में आतंकियों के साथ एनकाउंटर में कल आर्मी और पुलिस के 3 अफसर शहीद हो गए। एक अन्य जवान लापता है। दरअसल, अनंतनाग जिले के गाडोल में 3 से 4 आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सेना और पुलिस ने मंगलवार शाम संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया था। रात होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। 13 सितंबर यानी बुधवार सुबह जब दोबारा तलाश शुरू की गई, तो आतंकियों ने घने जंगल में घात लगाकर घेराबंदी की और हमला किया। उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग की। इसके चलते 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट शहीद हो गए। मनप्रीत मोहाली के और मेजर आशीष पानीपत और भट कश्मीर के बडगाम के रहने वाले थे। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े प्रतिबंधित रेजिस्टेंट फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। अफसरों का मानना है कि ये वही आतंकी हैं, जिनसे 4 अगस्त को कुलगाम के जंगल में मुठभेड़ में 3 जवान शहीद हो गए थे।



**पिछले साल शादी हुई थी:** डीएसपी हुमायूं भट को बुधवार रात बड़गाम जिले में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। हुमायूं दक्षिण कश्मीर के त्राल के रहने वाले थे। उनकी पिछले साल ही शादी हुई थी। उनका 2 महीने का बेटा है।

## बेरहमी से पीटकर शिक्षक फरार, छात्र आईसीयू में



**रीवा, एजेंसी।** एक प्राइवेट स्कूल में म्यूजिक टीचर ने 12 साल के छात्र को इतनी बेरहमी से मारा कि हेडइंजरी हो गई और छात्र की जान बचने के लिए डॉक्टर्स को ऑपरेशन करना पड़ा। छात्र गंभीर हालत में भर्ती है। पुलिस ने गंभीर धाराओं के साथ ही जेजे एक्ट के तहत टीचर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी टीचर फरार है। मामला शहर के भास्कर स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल जनार्दन कॉलोनी का हैं जहां रोज की तरह 12 वर्षीय छात्र स्कूल गया था। क्लास रूम में म्यूजिक टीचर के सम्मान में छात्र खड़ा नहीं हो पाया, यह बात टीचर ऋषभ पांडेय को नागवार गुजरी और गुस्से से तिलमिला उठा। और फिर टीचर ने छात्र की कनपटी में एक जोरदार तमाचा जड़ दिया। टीचर ने हाथ में रुद्राक्ष की माला बांध रखी थी, जिसकी चोट से छात्र के दिमाग में गहरी चोट आ गई, आंख में सूजन हो गई। छात्र रोता हुआ घर पंहुचा और मां को आपबीती सुनाई।

## 1.05 करोड़ कीमत के सोने का पाउडर जब्त

**मुंबई,एजेंसी।** एयरपोर्ट कस्टम ने सिंगापुर से लौटने वाले एक यात्री के पास से 24 कैरेट सोने का पाउडर बरामद किया, जिसकी कीमत करीब 1.05 करोड़ रुपये होगी। यह घटना 12 सितंबर की है जब एक भारतीय परिवार सिंगापुर से लौटा। यात्रियों ने सोने के पाउडर को अपने अंतर्वस्त्र और तीन साल के बच्चे के डायपर के भीतर छिपाकर लाया था। हैदराबाद एयरपोर्ट कस्टम ने यात्री प्रोफाइलिंग के आधार पर कुआलालंपुर से आ रहे एक पैक्स को रोका, जिसमें से उन्होंने पंखे के भीतर 636 ग्राम की एक सोने की रिंग जब्त की।

## ओटीटी पर ढाई सौ करोड़ की डील की जवान ने



**मुबंई , एजेंसी।** बाक्स आफिर पर जमकर पैसा कमा रही फिल्म जवान अब ओटीटी पर रिलीज की जा रही है और इसके राइट्स करीब ढाई सौ करोड़ रूपये में नेटफ्लिक्स ने खरीदे हैं। हालांकि, इस खबर पर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। अभी जवान की ओटीटी रिलीज डेट भी तय नहीं की गई है। नियम के अनुसार, कोई भी फिल्म थिएटर में रिलीज होने के 4 हफ्तों बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होती है। मगर जवान के कलेक्शन को ध्यान में रखते हुए इसे ठोड़ा लेट रिलीज किया जाएगा। सात सितंबर को रिलीज हुई यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सातवें दिन 368.38 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 600 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है।

## मंत्री के काफिले पर पथराव, कई पुलिसकर्मी जख्मी



**जयपुर , एजेंसी।**


राजस्थान की कामां विधानसभा क्षेत्र में मंत्री जाहिदा खान का जोरदार विरोध देखने को मिला। सभा के लिए लगाया गया पंडाल फाड़ दिया गया और गाड़ियों पर पथराव किया गया। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हुए। मामले में एआईएमआईएम नेता अत्ताउल्लाह खान समेत चार लोगों को पहाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पथराव और गोलियां चलाने के आरोप में 200 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, गांव घाटमीका में ग्रामीणों ने कार्यक्रम रखा था।

## जबर्दस्त तूफान से बारिश, टूटे बांध, 53 सौ मौतें

### तूफान डैनियल ने कमजोर देश लीबिया में मचाई तबाही, नदियां हुईं गायब



**काहिरा एजेंसी।** लीबिया के पूर्वी शहर डर्ना में पिछले 24 घंटे में 1500 से ज्यादा लोगों के शव मिले हैं। जबकि 53सौ से ज्यादा लोगों के मारे जाने और 10 हजार से ज्यादा लोगों के लापता होने की खबरें हैं। वजह एक तूफान बताई जा रही है। जिससे भयानक बाढ़ आई। तूफान का नाम डैनियल रखा गया है। इससे आई बाढ़ ने बांधों को भी तोड़ डाला। बांधों के टूटने से पानी तेजी से कई शहरों और गांवों में फैल गया। डर्ना में 5 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है. पूर्वी लीबिया के मंत्री मोहम्मद अबु-लमौशा ने बताया कि पहले आशंका 23सौ लोगों के मारे जाने की थी लेकिन जिस हिसाब से नुकसान हुआ है, उससे लग रहा है कि 5300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से कमजोर देश में प्रकृति की यह मार खतरनाक साबित हुई है। कई जगहों पर घर टूट गए। समुद्र का पानी बाढ़ की रूप लेकर शहर में घुस गया है।



# बारिश से राजधानी में हरियाली

*शहर में रुक-रुककर बूंदाबांदी तो कभी तेज बारिश का दौर है। इसी के चलते शहर में हरियाली का मनमोहक नजारा देखा जा सकता है। जिसे अपने कैमरे में कैद किया फोटोग्राफर भूपेन्द्र ने।*

## एमपी नगर की लाइलाज पार्किंग समस्या

# निगरानी हुई बेअसर, अब सर्वे की शुरुआत, जोड़ रहे हैं हाथ




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी नगर के जोन एक और दो में सैंकड़ों व्यापारी हैं जो मुख्य सड़कों पर अपनी दुकान के सामने वाहन खड़ा कर देते है। इससे खुद उनके ही ग्राहक भी परेशान हो रहे हैं और दूसरे राहगीर भी झल्ला रहे हैं। कई समझाइश के बावजूद भी सड़के घेरेनी की उनकी आदत नहीं जा रही है और आलम यह है कि अब मल्टीलेबल पार्किंग के कर्मचारी डोर टू डोर सर्वे कर रहे है। तथा हाथ जोड़कर दुकानदारों से वाहनों को निर्धारित पार्किंग पेलेस पर खड़ा करने का अनुरोध कर रहे है। निगरानी के सारे प्रयास और समझाइश बेअसर साबित हो चुकी हैं।

दरअसल इस समस्या का निदान करने के लिए प्रशासन, पुलिस और व्यापारी संघों के प्रतिनिधियों के बीच सोमवार को चर्चा हुई थी जिसमें तय हुआ कि दुकान के सामने लाइन खींची जाएगी, उसके बाहर वाहन खड़े नहीं कर सकेंगे। सभी को नियमों का पालन करना होगा, जो नियमों का पालन नहीं करेंगे उनका डाटा तैयार किया जाएगा और उस अनुरूप जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। यह भी तय हुआ है कि जोन–1 के व्यापारियों के लिए अलग व्यवस्था होगी ओर जोन–2 के व्यापारियों के लिए अलग व्यवस्था होगी।मगर दो दिन में हालात नहीं सुधरे।

### समस्या का निदान करने के लिए सोमवार को चर्चा हुई थी



### जुर्माना, मासिक पास

इन क्षेत्रों के बारे में तय हुआ है कि अवैध पार्किंग पर नियंत्रण के लिए पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम जिम्मेदार होगी, वही कार्यवाही करेगी। अवैध तरीके से सड़कों पर खड़े वाहन मिलेंगे उनके खिलाफ चालान काटे जाएंगे। ऐसे वाहनों की सूची बनाई जाएगी जो व्यापारियों के हैं और सुबह से खड़े रहते हैं। उनको नगर निगम की मल्टी लेवल पार्किंग के लिए पास दिए जाएंगे। इनमें चार पहिया वाहन के लिए 525 रुपये में और दो पहिया वाहन के लिए 225 रुपये में पास उपलब्ध कराए जाएंगे।यह व्यवस्था जोन एक में की जाएगी। जोन–2 में दुकानों के सामने पीले रंग की पट्टी नगर निगम द्वारा बनाई जाएगी। जिससे व्यापारी उसके अंदर ही अपने वाहन खड़े कर सकेंगे।

बताया जाता है कि एमपीनगर व्यापारी संघ एवं चित्तौड़ कांप्लेक्स रहवासी संघ के साथ एमपीनगर एसडीएम कार्यालय में हुई नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की बैठक में एडीएम प्रकाश सिंह चौहान, एसडीएम केएल खरे,एसीपी यातायात मधुकर चौकीकर, नगर निगम डिप्टी कमिश्नर योगेंद्र सिंह चौहान सहित व्यापारी और रहवासी उपस्थित थे।

चित्तौड़ कांप्लेक्स रहवासी समिति के अध्यक्ष सुयश कुलश्रेष्ठ ने कहा कि एमपीनगर जोन एक और दो में यातायात, पार्किंग की समस्या को लेकर पहले भी बैठक हुई थी, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला था। एमपीनगर के व्यापारी संघ के आशीष पांडे ने बताया कि सड़कों पर बेतरतीब तरीके से चार व दो पहिया वाहन खड़े रहते हैं। इस वजह से अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती है और पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। मल्टी लेवल पार्किंग में कम ही व्यापारी वाहन खड़ा करके जाते हैं जबकि अधिक व्यापारी सुबह अपने वाहन दुकानों के सामने खड़े करते हैं जो बंद होने तक यहीं खड़े रहते हैं।

# शिक्षकों-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व बच्चों को दे रहे पॉक्सो अधिनियम की जानकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

महिला-बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में बाल यौन शोषण, शारीरिक शोषण को लेकर जिला, विकासखंड तथा ग्राम स्तर पर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न स्तर पर केम्पेन आयोजित कर पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी से भी अवगत कराया जा रहा है। विभाग द्वारा प्रति वर्ष बाल सुरक्षा सप्ताह में सरकारी स्कूलों तथा आंगनवाड़ियों में शिक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी के साथ ही गुड टच-बेड टच के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। प्रदेश में 11 जिलों में बाल-मित्र कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसमें ग्राम स्तर पर पॉक्सो एक्ट के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पॉक्सो अधिनियम-2012 के अंतर्गत सपोर्ट पर्सन के रिसोर्स पर्सन की मेपिंग की गई है।

**ग्राम एवं वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समितियों का गठन :** प्रदेश में ग्राम एवं वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। विकासखंड स्तर पर 309 बाल संरक्षण समितियाँ, ग्राम पंचायत स्तर पर 23,169 तथा नगरीय निकाय में लगभग 6,145 बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों के माध्यम से पॉक्सो संबंधी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# एमसीयू का दीक्षांत समारोह कल, उपराष्ट्रपति 21 विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे उपाधि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) का दीक्षांत समारोह कल शुक्रवार को दीक्षांत समारोह होगा। इसमें उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे। वह 21 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। विवि परिसर में उपराष्टपति करीब एक घंटा 40 मिनट तक रहेंगे। इस दौरान वे कदंब के पेड़ का लगाएंगे। नवीन परिसर का लोकार्पण भी करेंगे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे:** दीक्षांत समारोह में भारत के विभिन्न प्रदेशों के विविधता के रंग नजर आएंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थी पारंपरिक परिधान में नजर आएंगे। समारोह में अतिथियों और विद्यार्थियों के ड्रेसकोड में भारत के उत्तर दक्षिण, पूर्व पश्चिम चारों दिशाओं की झलक दिखेगी। समारोह में धारण किए जाने वाले अंग वस्त्र केरल से मंगाए गए हैं। सभी अतिथियों और डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विवि के लोगो वाले अंग वस्त्र प्रदान किए जाएंगे। छात्राओं को सफेद या क्रीम रंग के सलवार सूट या साड़ी में आना है। वहीं छात्रों को इसी रंग का कुर्ता-पायजामा पहनना होगा। समारोह में स्नातकोत्तर 443 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

# गौसेवा वाहन से पहुंचाया जा रहा गौवंश को लंपी ट्रीटमेंट सेंटर

**हिरदाराम नगर।** श्री राधा कृष्णा गौ सेवा संवर्धन सोसायटी द्वारा गोवंश में हो रहे लम्पी वायरस से गोवंश के बचाव के लिए उन्हें वैक्सीन लगवाई जा रही है। गो पालकों को जागरूक किया जा रहा है। सोसायटी के अध्यक्ष जीतू कटारिया ने बताया कि सोसायटी गो पालकों से आग्रह कर रही है कि गौवंश को वैक्सीन लगवाएं, जिससे गो वंश को लंपी से बचाया जा सके। पशु चिकित्सा विभाग एवं नगर निगम द्वारा बनाए गए गांधीनगर कांजी हाउस ट्रीटमेंट सेंटर पर वायरस से ग्रसित गोवंश को समिति के सेवा वाहन द्वारा पहुंचाया जा रहा है। साथ ही सोसायटी के द्वारा नगर निगम कमिश्नर,एवं पशु चिकित्सा विभाग से इस बीमारी की वैक्सीन अधिक से अधिक गोवंश में लगाने की मांग की गई है।

## दो दर्जन अधिकारी पहुंचे दुकानों पर मचा हड़कंप

# बैरागढ़ में साड़ी की दो दुकानों जीएसटी की कार्रवाई

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

व्यापारिक नगर बैरागढ़ में बुधवार को जीएसटी की कार्रवाई हुई। दो साड़ी की दुकानों पर स्टॉक, बिक्री के दस्तावेज खंगाले गए। कर में लाखों की गड़बड़ी का खुलासा होने की अनुमान लगाया जा रहा है। जीएसटी विभाग के 24 अफसर छह गाड़ियों के साथ मुख्य मार्ग के नेहरू मार्केट और नवयुवक सभा स्कूल मार्ग के बी वार्ड में पहुंचे। यहां दुर्गा साड़ी एवं सुंदर साड़ी की दुकानों पर छापा मारा। कहा जा रहा है, विभाग को जीएसटी में गड़बड़ी की शिकायत के बाद कार्रवाई की गई। दोपहर शुरू हुई कार्रवाई देर रात तक चली।कार्रवाई दल का नेतृत्व विभाग की रक्षा दुबे ने किया। विभाग की ओर से मामले में जानकारी नहीं दी गई है। अधिकारियों का कहना है



दस्तावेज जब्त किए जांच के बाद पता लगेगा कि टैक्स कितना नहीं दिया गया है।

बताया जा रहा है कार्रवाई में जीएसटी विभाग भोपाल के अमले को नहीं उतारा था, किसी दूसरे शहर के अफसरों की टीम को भेजा गया था। कार्रवाई के चलते व्यापारियों में हडकंप मच गया था।

**मेट्रो एंकर**

## नवयुवक परिषद के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान

# गुरू के प्रति सम्मान भाव रखने वाले विद्यार्थी होते हैं सफल

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सामाजिक संस्था नवयुवक परिषद की कोचिंग कक्षाओं में निशुल्क सेवाएं देने वाले शिक्षक- शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। नंदवानी ऑडिटोरियम मेंआयोजित कार्यक्रम नवयुवक परिषद की सहयोगी इकाइयों स्वामी विवेकानंद कॅरियर एकेडमी के शिक्षकों, भगवान कला केंद्र में कम्प्यूटर, सिलाई, फैशन डिजाइनिंग समेत संचालित होने वाले विभिन्न कोर्सेस के ट्रेनर्स, इंस्ट्रक्टर्स एवं नीतू महतानी मेमोरियल लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन समेत सभी इकाइयों के सदस्यों का भी सम्मान किया गया।

परिषद के मार्गदर्शक हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थी के जीवन का श्रेष्ठ शिल्पकार है, जो अपनी जीवनदायिनी तेजस्विता से छात्र, समाज और राष्ट्र को सुसज्जित करता है। विद्यार्थी-जीवन तप,




संयम, समय प्रबंधन और सतत् परिश्रम करने का समय है, इसे गंभीरता से लें ताकि आपके जीवन में ज्ञान ऊर्जा का प्रवाह बना रहे। छात्र-छात्राएं इसी शक्ति के बलबूते गगनचुम्बी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। अभावग्रस्त जीवन लक्ष्य प्राप्ति में बाधक नहीं बन सकता। संस्था के उपाध्यक्ष ए. सी. साधवानी ने परिषद की गतिविधियों एवं यात्रा का ब्योरा दिया। परिषद की छात्रङ्क छात्राओं मुस्कान अवतानी, चित्रा भोजवानी, सौरव वासवानी, मन्नत आहूजा, हर्षित नरवानी, जीतेश आसवानी ,कोमल गुनवानी, कशिश बसवानी, खुशबू, कोमल नागदेव, पायल गिदवानी, प्रिया केसवानी, दीपेश राजपाल, भूमि नामदेव, खुशी लीलानी, डिंकी गुरनानी, मेघा मनवानी एवं डिंकी मेंघानी ने गुरु वंदना, कविता एवं विचारों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपने सम्मान में अपनी प्रस्तुतियां दीं। परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में समाजसेवी महेश दयारामानी, परिषद के महासचिव श्री थावर वरलानी, घनश्याम बूलचंदानी, भगवान दामानी, वासदेव मोतियानी, रमेश लालवानी, मनोहर लाल आसवानी, गोपाल गिरधानी, पलाश रिझवानी, सुश्री शालू वरलानी, दुर्गेश सेन, प्रीति आहूजा समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन लता आसनानी और नीतू आहूजा व आभार शालू वरलानी ने किया।

# शिक्षक और शिक्षिकाओं को सम्मान समारोह आयाजित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नवयुवक सभा की शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मान समारोह आयाजित किया गया। समाजसेवी परमानंद केवलरामानी हांगकांग ने प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के साथ भावी पीढ़ी गढ़ने वाले गुरूजनों का सम्मान किया।

कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन, माल्यर्पण एवं अतिथि सत्कार के साथ हुई। केवलरामानी का स्वागत प्रबंधन समिति के महेश दयारामानी, वासदेव वाधवानी ने किया। दीनदयाल महाविद्यालय की प्राचार्या प्रिया बुधानी ने स्वागत भाषण दिया। दयारामानी ने परमानंद केवलरामानी की समाजसेवा की भावना को रेखांकित किया।

केवलरामानी ने कहा था कि



विद्यार्थियों को अनुशासन की सीख दी। उन्होंने कहा जो विद्यार्थी शिक्षकों के अनुसार नहीं चलते हैं तो वह तरक्की नहीं कर सकते। एटी शाहनी स्कूल की प्राचार्या ज्योति चौहान ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभा के राजेश हिंगोरानी, सुरेश राजपाल, दिनेश वाधवानी, अजीत खत्री व शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए।




₹49 हजार करोड़
के बीना रिफाइनरी
पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स
एवं
₹1800 करोड़
की औद्योगिक परियोजनाओं
का
शिलान्यास



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा

14 सितम्बर, 2023 | प्रात 11:00 बजे
बीना रिफाइनरी परिसर, हड़कल
सागर, मध्यप्रदेश



**पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की मुख्य विशेषताएं**
- प्रतिवर्ष 2,200 किलो टन विभिन्न प्रकार के पेट्रोकेमिकल्स का उत्पादन
- 1 लाख से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर
- फाइबर, पेंट्स, प्लास्टिक, ऑटोमोटिव पार्ट्स जैसे उद्योगों में बढ़ोतरी
- प्रतिवर्ष लगभग ₹ 20,000 करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत

**अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के लाभ**
- ₹1 लाख करोड़ का निवेश
- लगभग 2.36 लाख रोज़गारों का सृजन
- नये आईटी पार्क्स, आईटी और आईटीईएस क्षेत्रों का तेज विकास
- वस्त्र, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स इकाइयों के लिए नये अवसर

D11101/23

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि मध्यप्रदेश में दान दें

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

QR CODE

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी | मध्यप्रदेश शासन | आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

## सुविचार

`` हालात वो न रखें जो हौंसले को बदल दे बल्कि हौंसला वो रखें जो हालातों को बदल दे ।।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# अधीरता नहीं संयम की जरूरत

तानाशाही सत्ता के सामने मजबूत विपक्ष की जरूरत सदैव रहती है। हाल में कांग्रेस,राजद,सपा आदि दलों को मिलाकर बना इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के पहले यह जरूरत पूरी भी कर सकता है,लोकिन छब्बीस पार्टियों के नेता जब तक एक सुर में नहीं बोलेंगे और आपसी मतभेदों को दरकिनार नहीं रखेंगे, तब तक बात बनेगी नहीं। मसलन लोकसभा में विपक्ष के अनौपचारिक नेता अधीररंजन चौधरी ने जी-20 सम्मेलन में आए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में राष्टपति के रात्रि भोज में बंगाल की मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी के शामिल होने पर तीखी आलोचना कर डाली। यह भी पूछा है कि यदि वह प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की पक्की विरोधी हैं तो वह भोज में शामिल क्यों हुई? यह सवाल ही बताता है कि चौधरी का राजनैतिक ज्ञान कितना अधूरा और उथला है। उन्हें पहले तो यह समझना था कि हर विदेशी मेहमान के लिए मौजूदा केन्द्र सरकार किसी पार्टी की सरकार नहीं बल्कि 'भारत' की सरकार है। दूसरे यदि भारत के राष्टपति की ओर से किसी भी मुख्यमन्त्री को निमन्त्रण भेजा जाता है तो उसका सम्मान करना उसका दायित्व है। हमारी व्यवस्था के अनुसार राष्टपति का चुनाव राजनीतिक आधार पर ही होता है मगर पद पर बैठते ही राष्टपति 'अराजनैतिक' हो जाता है। रात्रिभोज में गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमन्त्रियों का शिरकत करना संविधान का सम्मान करना ही होता है। हालांकि कांग्रेस पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के अधिकारिक नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को निमन्त्रण न भेजा जाना भी उतना ही पीड़ादायक है। भारत की संसदीय प्रणाली की राजनीति में संसद के दोनों सदनों के भीतर विपक्ष के नेता का भी अपना खास मुकाम होता है। यह उन महात्मा गांधी का देश है जिन्होंने स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान ही स्पष्ट कर दिया था कि लोकतन्त्र में विरोधी या विपक्ष के नेता के विचारों का सम्मान सत्तारूढ़ दल द्वारा किया जाना बहुत जरूरी होता है। बहरहाल चौधरी तो उस राजनीतिक नैतिकता व मर्यादा को नहीं समझ पाते हैं जिसका अनुसरण करने के लिए उनकी ही पार्टी के विभिन्न नेता गुहार लगाते हैं। भारत की राजनीति उच्च मानदंड स्थापित करने वाली रही है, डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान जब विपक्षी नेता लालकृष्ण अडवानी को राष्टसंघ में भेजा गया था तो अडवानी ने वहां जाकर यह कहा था 'भारत सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा स्कीम दुनिया की गरीबी हटाने की सबसे बड़ी योजना है'। यही बातें सिध्द करती हैं कि लोकतन्त्र की मूल आत्मा क्या है। संसद में विपक्ष के नेता को 'केबिनेट' स्तर के मन्त्री का दर्जा देने की प्रथा 1977 में ही तब डाली गई जब देश में कांग्रेस विरोधी जनता पार्टी की सरकार स्व. मोरारजी भाई के नेतृत्व में बनी थी। उस समय संसद में इस आशय का कानून बनाया गया था। चौधरी को यह भी याद रखना था कि पांच दशक से ज्यादा देश पर राज करने वाली उनकी पार्टी कांग्रेस ने भी संसद के भीतर से लेकर बाहर तक उच्च लोकतान्त्रिक परंपराएं स्थापित की हैं। मगर भारत का लोकतन्त्र कोई छुई-मुई नहीं है कि सरकारी कार्यक्रमों में विपक्ष के नेताओं के शिरकत करते ही यह मुरझा जायेगा? रात्रि भोज के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को निमन्त्रण भेजे गये थे। इसी वजह से इंडिया के घटक दलों जनता पार्टी व झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्यमंत्रियों क्रमशः नीतीश कुमार व हेमन्त सोरेन ने भी भाग लिया। खुद कांग्रेस ने भी अपने एक मुख्यमंत्री को इस डिनर में भेजा। चौधरी की बातों से ऐसा लगता है कि वे ममता बनर्जी से अपनी खटास को इस आयोजन के माध्यम से निकालने की कोशिश कर रहे हैं, यही वे चीजें हैं तो नये विपक्षी गठबंधन में दरारें पैदा कर सकती हैं।

# समावेशी लोकतंत्र के विचार को संबल

**डॉ. भारत**

विश्व में लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाने वाला भारत राष्ट्र न केवल सबसे पुराना लोकतंत्र है बल्कि एक परिपक्व लोकतंत्र भी है। भारत में लोकतंत्र की जड़ें चौथी शताब्दी से ही देखी जा सकती हैं। तंजावुर के पत्थर के शिलालेख इसका जीवंत प्रमाण हैं। कालिंगा और लिच्छवि काल के दौरान मौजूद सामाजिक व्यवस्थाओं के साक्ष्य भी भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। भारत में 'एक राष्ट ङ्क एक चुनाव' का विचार चुनाव-चक्र को इस तरह से संरचित करने का है कि लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव 'समकालिक' व 'समक्रमिक' हों जिससे चुनी हुई सरकारें एक साथ बैठें और देश को साधनों-संसाधनों और धनशक्ति-श्रमशक्ति के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणाम प्राप्त करने हेतु दूरदर्शितापूर्ण योजना को व्यवस्थित रूप से लागू करने के लिए सकारात्मक विचार करें। वर्ष 1947 में आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए थे। इसके बाद कुछ राज्यों की विधानसभाएं पहले भंग होने के चलते यह व्यवस्था टूटती चली गई। ध्यानाकर्षण बात यह है कि वर्तमान 'एक राष्ट ङ्क एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के साथ ही नगरपालिकाओं व पंचायतों के चुनाव कराए जाने की बात का अंगीकृत करने का उल्लेख कर रहा है। इस परिदृश्य मे यहां यह उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्टीय स्तर पर जर्मनी, हंगरी, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, स्पेन, स्लोवेनिया, अल्बानिया, पोलैंड, बेल्जियम और स्वीडन जैसे देशों में आज भी एक ही बार चुनाव कराने की परंपरा है।

वर्तमान में, जब भी सरकार का कार्यकाल समाप्त होता है या जब भी विभिन्न कारणों से सदन भंग होता है तो चुनाव का बोझ राजकोष पर प?ता है। हर साल देश में औसतन 4 से 6 विधानसभा चुनाव होते हैं जिससे प्रशासनिक, नीतिगत मामले प्रभावित होते हैं। अगणनीय वित्तीय लागत के चलते लगातार चुनाव करना 'सफेद हाथी' को पालने जैसा शौक साबित हो गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक चुनाव के दौरान सरकारी-तंत्र चुनावी प्रक्रिया और संबंधित कार्यों के कारण अपने नियमित कर्तव्यों से चूक जाता है। चुनावी बजट में इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना की ही नहीं जाती। चुनावों के चलते 'आदर्श आचार संहिता' सरकार की कार्यप्रणाली को भी बुरी तरह से प्रभावित करती है, क्योंकि चुनावों की घोषणा के बाद न तो किसी नई महत्वपूर्ण नीति की घोषणा की जा सकती है और न ही क्रियान्वयन। इससे हर कुछ महीनों बाद, विकास कार्य बाधित होते हैं। प्रशासनिक लागत पर एक न?र डालें तो सीमा-सुरक्षा को खतरे में डाल संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षा बलों को हटाने और चुनावों में बार-बार तैनाती के कारण शंका व आशंका से भरी अदृश्य लागत का भुगतान किया जाता है।



सवाल है? कि मतदाताओं को बार-बार चुनाव चाहिए या विकासात्मक दृष्टिकोण? लगातार चुनाव राजनीतिक स्थिरता कैसे प्रदान कर सकते हैं? सरकारें क्रियात्मक दृष्टि से आगे बढ़ें या हमेशा चुनावी शंखनाद के बिगुल में उलझी रहें? जब चुनावी प्रक्रिया में कोई बदलाव ही नहीं हो रहा तो संघीय-ढांचे पर प्रभाव कैसे पड़ेगा? एक साथ चुनाव की अवधारणा लोकतंत्र और संघवाद के मूल सिद्धांतों पर चोट कहां और कैसे है? प्रश्न उठता है कि लगातार चुनाव के माध्यम से 'आदर्श आचार संहिता' होनी चहिए या एक राष्ट ङ्क एक चुनाव के ?रिये 'आदर्श लोकतांत्रिक विचार'? समय-समय पर 'एक राष्ट ङ्क एक चुनाव' के मसले पर चुनाव-आयोग, नीति-आयोग, विधि-आयोग, संसदीय स्थायी समिति और संविधान समीक्षा आयोग गहन चिंतन कर चुके हैं।

सर्वविदित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार भारतीय चुनाव आयोग पंजीकरण तो राजनीतिक दलों का करता है लेकिन राजनीतिक दलों के लिए कोई अधिकतम चुनाव व्यय सीमा निर्धारित नहीं है। भारत में चुनावी कानून, सिर्फ चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए ही अधिकतम चुनाव व्यय सीमा प्रदान करता है। वजह है कि तमाम राजनीतिक दल देश के किसी न किसी हिस्से में लगातार होने वाले चुनाव लड़ रहे होते हैं और इस प्रकार उनके द्वारा किए जाने वाले चुनावी खर्च पर सीमा निर्धारित करना न केवल मुश्किल है बल्कि असंभव भी। कहने की जरूरत नहीं है कि 'एक राष्ट ङ्क एक चुनाव' की अवधारणा से चुनावों में चल रहे काले धन के इस्तेमाल और भ्रष्टाचार पर काफी हद तक अंकुश लाएगा। एक भारत की परिकल्पना के चलते जब माल एवं सेवा कर 1 जुलाई, 2017 से सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 'एक राष्ट ङ्क एक कर' के सिद्धांत के रूप में प्रणालीबद्ध व सफ़लतापूर्वक स्थापित हो गया है तो चुनावी सुधार और जीर्णोद्धार के लिए इस प्रस्ताव से परहेज़ क्यों? बार-बार होने वाले चुनाव राजनीतिक दलों और राजनेताओं को सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने व सामाजिक समरसता को भंग करने का मौका देते हैं जिसके कारण अनावश्यक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। एक चुनाव की सोच में सामाजिक समरसता का भाव टपकता है।

यह स्पष्ट है कि 'एक राष्ट ङ्क एक चुनाव' को लागू करने के लिये संविधान और अन्य कानूनों में संशोधन की आवश्यकता होगी। इस दिशा में कानूनी पहलुओं की जांच के लिए केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के जाने माने अधिवक्ता रहे, भारत के पूर्व राष्टपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति बनाई है। निर्विवाद सत्य यह है कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, जो भारतीयों की सांसों और मूल्यों में बसी हुई है। 'एक राष्ट ङ्क एक चुनाव' समावेशी लोकतंत्र की धारणा को बढ़ावा देगा और निश्चित रूप से आदर्श लोकतंत्र की मिसाल पेश करेगा।

साभार : लेखक पीयू के विधि अध्ययन संस्थान में कानून के प्रवक्ता हैं।

**हिंदी दिवस, 14 सितबंर, 2023 पर विशेष**

# हिन्दी है भारत के मस्तक का तिलक

**ललित गर्ग**

राजभाषा कही जाने वाली हिंदी भाषा अपने ही देश में घोर उपेक्षा की शिकार है, बावजूद आज दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बन गई है। विश्व भाषा बनने की ओर हिन्दी के ब?ते कदम भारत के लिये एक ब?ी उपलब्धि है। यूएई के 'हम एफ-एम' सहित अनेक देश हिंदी कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें बीबीसी, जर्मनी के डायचे वेले, जापान के एनएचके वर्ल्ड और चीन के चाइना रेडियो इंटरनेशनल की हिंदी सेवा विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अमेरिका में 32 विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में हिंदी प?ाई जाती है। ब्रिटेन की लंदन यूनिवर्सिटी, कैंब्रिज और यॉर्क यूनिवर्सिटी में हिंदी प?ाई जाती है। जर्मनी के 15 शिक्षण संस्थानों ने हिंदी भाषा और साहित्य के अध्ययन को अपनाया है। इस तरह हिन्दी में विश्व भाषा बनने की समस्त अर्हताएं एवं विशेषताएं समायी हुई है। हिन्दी स्वयं में अपने भीतर एक अन्तर्राष्टीय जगत छिपाये हुए हैं। आर्य, द्रविड, आदिवासी, स्पेनी, पुर्तगाली, जर्मन, फ्रेंच, अंग्रेजी, अरबी, फारसी, चीनी, जापानी, सारे संसार की भाषाओं के शब्द इसकी विश्वमैत्री एवं वसुधैव कुटुम्बकम वाली प्रवृत्ति को उजागर करते हैं। विश्व में हिंदी भाषी करीब 70 करो? लोग हैं। यह तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। इस समृद्ध एवं वैश्विक गरिमा वाली भाषा का हिन्दी दिवस प्रत्येक 14 सितबंर को मनाया जाता है।

विश्व में प्रतिष्ठा पा रही हिन्दी की हमारे देश में दिन-प्रतिदिन उपेक्षा होती जा रही है, हिन्दी पर अंग्रेजी का प्रभाव ब?ता जा रहा है और यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब हिन्दी हमारे अपने ही देश में विलुप्तता के कगार पर पहुंच जायेगी। जबकि हिन्दी राष्टीयता की प्रतीक भाषा है, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्टीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करने के साथ-साथ इसे संयुक्त राष्ट संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकृति दिलाने के लिये ठोस कदम उठाये जाने की अपेक्षा है। हिन्दी में यह शक्ति कब आएगी कि वह विश्व के लिये एक ऐसी महत्वपूर्ण भाषा बन जाये, जिसकी उपेक्षा न देश में और न दुनिया में हो सके। यह तभी संभव है जब हमारी मानसिकता बदले, हम हिन्दी को बोलते हुए गर्व का अनुभव करें एवं स्वयं के देश में हिन्दी को प्रतिष्ठापित करें, सम्मान करें। आचार्य विनोबा भावे ने सही कहा कि हिंदी को गंगा नहीं बल्कि समुद्र बनना होगा।

भारत अपनी विविध आबादी को एकजुट करने और विभिन्न क्षेत्रों में संचार के साधन प्रदान करने में हिंदी की भूमिका को स्वीकार करता है। यह भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषाई और सांस्कृतिक सद्भाव को ब?ावा देने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। इसके अलावा, हिंदी दिवस लोगों को हिंदी भाषा सीखने और उसकी सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे उनकी भाषाई विरासत पर गर्व की भावना पैदा होती है। यह हिंदी साहित्य, कला और संस्कृति को ब?ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का सबसे पहले विचार महात्मा गांधी ने वर्ष 1918 में हिंदी साहित्य सम्मेलन में किया था। इसके अलावा देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे पहले नेता थे जिन्होंने 1977 में इंटरनेशनल ऑडियंस को हिंदी में संबोधित किया था। वह आज तक मिसाल के तौर पर याद किया जाता है।

हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्टभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी लगातार होती रही है, यही कारण है कि आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। राष्ट भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्टभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलना चाहिए।





देश-विदेश में हिन्दी को जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इंटरनेट के इस युग ने हिंदी को वैश्विक धाक जमाने में नया आसमान मुहैया कराया किया है। अब विश्व भर की वेबसाइट हिंदी को भी तवज्जो दे रही हैं। ईमेल, ईकॉमर्स, ईबुक, इंटरनेट, एसएमएस एवं वेब जगत में हिंदी को ब?ी सहजता से पाया जा सकता है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, आइबीएम तथा ओरेकल जैसी कंपनियां अत्यंत व्यापक बाजार और भारी मुनाफे को देखते हुए हिंदी प्रयोग को बढावा दे रही हैं। एक अध्ययन के मुताबिक हिंदी सामग्री की खपत करीब 94 फीसद तक ब?ी है। हर पांच में एक व्यक्ति हिंदी में इंटरनेट प्रयोग करता है। फेसबुक, ट्विटर और वाट्स एप में हिंदी में लिख सकते हैं। इसके लिए गूगल हिंदी इनपुट, लिपिक डॉट इन, जैसे अनेक सॉफ्टवेयर और स्मार्टफोन एप्लीकेशन मौजूद हैं। हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद भी संभव है।

हिन्दी की उपेक्षा पर महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें।' आजादी के अमृतकाल में हिन्दी को उसका गरिमापूर्ण स्थान दिलाना ही होगा। गतदिनों पूर्व उपराष्टपति वैंकय्या नायडू ने हिन्दी के बारे में ऐसी ही बात कही थी, जिसे कहने की हिम्मत महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया में ही थी। उन्होंने कहा कि 'अंग्रेजी एक भयंकर बीमारी है, जिसे अंग्रेज छो? गए हैं।'' आजादी के 76 साल बाद भी सरकारें अपना काम-काज अंग्रेजी में करती हैं, यह देश के लिये दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है। वैंकय्या नायडू का हिन्दी को लेकर जो दर्द एवं संवेदना है, वही स्थिति सरकार से जुड़े हर व्यक्ति के साथ-साथ जन-जन की होनी चाहिए। हिन्दी के लिये दर्द, संवेदना एवं अपनापन जागना जरूरी है। कोई भी देश बिना अपने राजभाषा के ज्ञान के तरक्की नहीं कर सकता है।

राष्टभाषा को प्रतिष्ठापित करने एवं सांस्कृतिक सुरक्षा के लिये अनेक विशिष्ट व्यक्तियों ने व्यापक प्रयत्न किये। सुमित्रानन्दन पंत, महादेवी वर्मा और आगरा के सांसद सेठ गोविन्ददासजी ने अंग्रेजी के विरोध में अपनी पद्मभूषण की उपाधि केन्द्र सरकार को वापिस लौटा दी। वर्तमान में हिन्दी की दयनीय दशा देखकर मन में प्रश्न ख?ा होता है कि कौन महापुरुष हिन्दी को प्रतिष्ठित करने का प्रयत्न करेगा? हिन्दी राष्टीयता एवं राष्ट का प्रतीक है, उसकी उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे छांटने के लिये ईमानदार प्रयत्न करने होंगे। क्योंकि हिन्दी ही भारत को सामाजिक-राजनीतिक-भौगोलिक और भाषायिक दृष्टि से जो?नेवाली भाषा है। भाषायी संकीर्णता न राष्टीय एकता के हित में है और न ही प्रान्त के हित में। प्रान्तीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना, जिससे राष्टीय भाषा के साथ टकराहट पैदा हो जाये, यह देश के लिये उचित कैसे हो सकता है?

हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है, यह हमारे अस्तित्व एवं अस्मिता की भी प्रतीक है, यह हमारी राष्टीयता एवं संस्कृति की भी प्रतीक है। हिन्दी के महान कवि एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी अपने देश की हिन्दी भाषा, अपने देश की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की महान संस्कृति में सारी मानव जाति की भलाई को देखते थे। हिन्दी को वोट मांगने और अंग्रेजी को राज करने की भाषा बनाना हमारी राष्टीयता का अपमान नहीं हैं? हमारी राष्टभाषा दुनिया में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में तीसरे नम्बर पर है, फिर हमें क्यों इसे बोलने एवं उपयोग करने में शर्म महसूस होती है?

## निशाना

### टिप्पणी अब धर्म पर !



– कृष्णेन्द्र राय

फायदे की खातिर ।
कर रहे प्रहार ।।
टिप्पणी अब धर्म पर ।
है तभी उद्धार ?
खेल रहे हैं आग से ।
दिए हैं गरिमा त्याग ।।
है सत्ता को ख़तरा ।
गए इसलिए जाग ।।
राजनीति ये अक्सर ।
ऐसे गुल खिलाती ।।
जो असली हैं मुद्दे ।
है उनसे भटकाती ।।
होगा जब दुलार कम ।
फिर ऐसे बयान ।।
बने काम अपना ।
है यही बस ध्यान ।।

## आज का इतिहास

- 1770 – डेनमार्क में प्रेस की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
- 1833 – विलियम वेंटिक, भारत में पहला गवर्नर जनरल बनकर आया।
- 1901 – अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकेंजी की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई।
- 1917 – रूस आधिकारिक तौर पर एक गणतंत्र घोषित हुआ।
- 1960 – खनिज तेल उत्पादक देशों ने मिलकर ओपेक की स्थापना की।
- 1999 – किरीबाती, नाउरू और टोंगा संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
- 2000 – माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज एम.ई. की लांचिंग की।
- 2000 – प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अमेरिकी सीनेट के दोनों सदनों की सुयंक्त बैठक को सम्बोधित किया, ओलम्पिक मशाल सिडनी पहुँची।
- 2003 – गुयाना-बिसाउ में सेना ने राष्ट्रपति कुंबा माला सरकार का तख्ता पलटा।
- 2003 – एस्टोनिया यूरोपीय संघ में शामिल हुआ।
- 2006 – परमाणु ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने पर इब्सा में सहमति। तिब्बत के आध्यात्मिक निर्वासित नेता दलाई लामा को संयुक्त राज्य अमरीका के सर्वोच्च न्यायालय सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा। विश्व के सबसे बुजुर्ग जयपुर के निवासी 137 वर्षीय हबीब मियां अस्पताल में भर्ती।

## आज का कार्टून



## 18 को सीएम आएंगे तो व्यापार बंद रखकर अपनी मांग को रखेंगे

# सिरोंज को जिला बनाने को लेकर व्यापार महासंघ का आंदोलन

**सईद खांन, सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज को जिला बनाने की मांग तो लंबे समय से की जा रही है। आज तक सिरोंज को जिला बनाने सपना जरूर शकर नहीं हो पाया है। विधानसभा चुनाव नजदीक है यदि सभी व्यापारी संगठनों के साथ आम जनता ने ठान ली तो सरकार को जिला बनाने की मांग को पूर्ण करते हुए चुनाव से पहले घोषणा भी करनी पड़ेगी इसके लिए सभी को मिलकर अथक प्रयास करने होंगे वहीं देखना है कि व्यापारियों का यह आंदोलन कितना कारगर साबित होगा। 2013 में सिरोंज को जिला बनाने के लिए प्रक्रिया कागजों में चली पर मूर्ति रूप नहीं मिल पाए इसके कारण जिले का ऐलान भी नहीं हो पाया।

वाद सभी ने किया पर निभाया किसी ने नहीं - चुनाव से पहले दोनों प्रमुख दलों के अलावा अन्य दलों के नेता भी जिला बनाने की मांग को समर्थन देते हैं पर चुनाव के बाद सब भूल जाते हैं। इसकी वजह से जिला नहीं बन पाया है। वहीकांग्रेस की सरकार रही उसने भी इस काम को नहीं किया भाजपा की सरकार भी लंबे समय से है उसने भी आज तक सिरोंज को जल नहीं बनाया है क्योंकि बनवाने वालों केवल आश्वासन शासन देखकर भूल जाते हैं।

अलग-अलग दिन करेंगे गतिविधि प्रेस वार्ता करके दी जानकारी - अब व्यापार महासंघ एकजुट ठोकर सिरोंज को जिला बनाने के लिए चरणबाद तरीके से आंदोलन की रणनीति पर कम कर रहा है। जिसकी जानकारी देने के लिए बुधवार को व्यापार महासंघ ने मंडी में स्थित व्यापारी रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता करके जानकारी देते हुए महासंघ अध्यक्ष पदम ताम्रकार बातय कि 5 दिनों तक हम अपनी अलग-अलग गतिविधियां करेंगे यदि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सिरोंज आते हैं तो हम शांतिपूर्ण तरीके से सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सिरोंज को जिला बनाने की मांग रखेंगे यदि प्रशासन और सरकार हमें बातचीत के लिए बुलाती है तो हम



### आगे की रणनीति हम सब लोग बैठक करके करेंगे

जिला बनने से केवल व्यापारियों को नहीं सभी को फायदा मिलेगा हमारा आंदोलन गांधीवादी तरीके से रहेगा पूरा शांतिपूर्ण तरीके से हम अपना आंदोलन जारी करेंगे अभी हमने 5 दिन की गतिविधि बनाई है। फिर आगे की रणनीति हम सब लोग बैठक करके करेंगे। 5 दिनों में अलग-अलग गतिविधियों की जाएगी पहले दिन प्रेस वार्ता के साथ अगले दिन सभी व्यापारियों को जागरूक करेंगे उन्हें संपर्क स्कूल कॉलेज सहित अन्य संस्थाओं से भी सहयोग मांगेंगे काली पट्टी भी बंधेंगे 17 तारीख को बाजार के मुख्य स्थान पर बड़ा धरना भी देंग 18 तारीख सीएम के आने पर हम लोग पूरा बाजार बंद रखकर शांतिपूर्ण तरीके से गांधीवादी रास्ते से जिले की बात रखेंगे प्रशासन को भी ज्ञापन देकर हमने अपने 5 दिनों के चरणबद्ध आंदोलन से अवगत कराया है 14 व्यापारिक संगठनों ने हमारे इस आंदोलन को समर्थन देने का निर्णय लिया है। हम सरकार और भाजपा का विरोध नहीं कर रहे हैं हम अपनी मांग के लिए एकत्रित हुए हैं उसको पूर्ण किया जाए ।जो परसों से चली आ रही है। इस दौरान कई व्यापारिक संगठनों के प्रमुख व पदाधिकारी मौजूद थे। अब देखना है कि व्यापारियों के इस निर्णय के बाद प्रशासन के जिम्मेदारी कौन सी पहल करेंगे और व्यापारियों के इस आंदोलन से क्या क्षेत्र के लोगों को फायदा मिलेगा और सिरोंज को जिला बनाने की घोषणा हो पाएगी वैसे तो विगत कई वर्षों से जिला बनाने की मांग क्षेत्र के लोग करते आ रहे हैं ।पर कांग्रेस की सरकार भी रही पर उन्होंने भी ध्यान नहीं दिया भाजपा की भी सरकार है उसने भी अभी तक सिरोंज को जिला बनाने का काम नहीं किया है। इसके कारण विधानसभा चुनाव में इस मांग को पुर जोर तरीके से रखकर मनवाने का प्रयास किया जा रहा है। शायद सरकार व्यापारियों के विरोध को भापकर जिले बनाने की घोषणा कर दे ।यदि ऐसा नहीं होता है तो विधानसभा चुनाव में इसका फायदा मिलेगा और नहीं करने पर नुकसान भी भाजपा को हो सकता है ,जिस तरह की चर्चाएं चल रही है उसको देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा है ।

### प्रेसवार्ता करके दी जानकारी क्या व्यापारियों का विरोध लायेगा रंग?

बात करेंगे अभी तक किसी भी तरफ से हमें बातचीत के लिए कोई संदेश नहीं आया है। हम कुछ नया नहीं मांग रहे हैं पहले भी सिरोंज जिला था 1956 में मध्य प्रदेश गठन के बाद से ही तहसील का दर्जा दे दिया भौगोलिक स्थिति के हिसाब से भी सब कुछ है जो जिले बने हैं उनको मुकाबले अधिक संभावनाएं यहां पर और हमारी पुरानी मांग थी फिर भी सरकार ने नहीं मनी है कई बार मांग उठी हम लोग भी अपनी मांग को ज्ञापन प्रदर्शन के माध्यम से मंत्री और विधायकों और मुख्यमंत्री तक ज्ञापन भेजें पर हमारी मांग पूर्ण नहीं किया है इस बार हम लोगों ने अपनी मांग को मनवाने लिए प्रयास प्रारंभ करेंगे सीएम के आने पर हम सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर उनके समक्ष मांग को रखेंगे यदि वह सिरोंज जिला बनाने की घोषणा करते हैं तो सभी व्यापरीकरण उनका पूरा समर्थन करेंगे हम किसी के विरोध में नहीं है पर अपनी मांग पूरी करवाने के लिए यही एक रास्ता था जिसको हमें अपनाना पड़ा है ।सभी व्यापारी भी हमारा सहयोग करेंगे आम जनता से लेकर स्कूली बच्चों अन्य वर्गों से भी हम मांग करते हैं कि वह सिरोंज जिला बनाने में हमारा पूरा समर्थन और सहयोग करें , हमने विधायक से भी अपने

# नपा की लापरवाही किसी दिन पड़ जाएगी भारी

## खुले गड्ढे दे रहे हैं दुर्घटना को आमंत्रण, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका प्रशासन के जिम्मेदारियां की लापरवाही के कारण किसी दिन बड़ी अनहोनी भी हो सकती है। शायद उसके बाद ही जिम्मेदारी अधिकारी कुंभकरण की नींद में से जागेंगे और खुले गढ़ों पर जल डालने का काम किया जाएगा । अब यह हालत है कि शहर के दर्जन में स्थान पर सीवेज सिस्टम के बनाए गए चौंबर्वा अन्य स्थानों पर खुले गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। शहर के लोगों को तो नजर आ रहा है पर नगर पालिका के जनप्रतिनसन से लेकर अधिकारी कर्मचारियों को दिखाई नहीं दे रहे हैं। पुराने जाल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और कई दिनों से इसी तरह खुले पड़े हुए हैं। यहां से प्रतिदिन



छोटे से लेकर बड़े वाहनों का आगमन होता है रात्रि में दो पहिया वाहन बार राहगीरों को इन खुले गढ़ों में गिरकर दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं । शिकायतों के बाद भी इनको ठीक नहीं किया जा रहा है। कस्टम पथ से नयापुरा को जाने वाले मुख्य मार्ग पर कई जगह सीवेज लाइन के लिए बनाए गए चौंबरों पर जल नहीं डाला गया है। जो जल पहले डाले थे वह पूरी तरह से गायब हो चुके हैं । इसकी वजह से यह गड्ढे खुले पड़े हुए इस रास्ते पर तीन से चार गड्ढे इसी तरह दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। समय रहते इन गढ़ों पर जल डालने का काम नहीं किया गया तो किसी दिन बड़ी जननी भी हो सकती है। उसको रोकने के लिए समय रहते जिम्मेदार अधिकारियों को ध्यान देकर इन पर जल डलवाने का काम करना चाहिए वहीं नगर पालिका के इंजीनियरों को भी इस और ध्यान देना चाहिए पर उनके पास शहर का भ्रमण करने के लिए समय नहीं है।

# सिरोंज को जिला बनाने केथन, तालाब, मरघट को अतिक्रमण मुक्त करवाने अशोक खर्चा करेंगे 17,18 से भूख हड़ताल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कांग्रेस नेता अशोक जैन खर्चा ने बुधवार को एसडीएम और थाने में आवेदन देकर कहा कि मैं सिरोंज को जला बनवाने की मांग बा केतन तालाब मरघट को अतीक मुक्त करवाने की मांग को लेकर 17 सितंबर से 18 सितंबर तक मोहन उपवास रखकर शीतला माता के दरबार में बैठूंगा जब तक मेरी मांग पूर्ण नहीं होगी मेरा अनशन जारी

### एसडीएम थाने में दी सूचना

रहेगा । उन्होंने बताया कि मैं अन्ना जल का भी त्याग करूंगा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सिरोंज 18 सितंबर को पधार रहे हैं उनके लिए दुआ करेंगे कि उनके दिल में ईशवर डाल दे कि वह सिरोंज को जिला घोषित कर दे। यही उपवास महामाई मंदिर के दरबार में रखेंगे इसमें जल अन्ना जल का छोड़कर मौन रूप से बैठेंगे किसी से कुछ नहीं बोलेंगे बस माता रानी से प्रार्थना करेंगे कि मुख्यमंत्री और सरकार को सद्बुद्धि दें और उनकी मांग को पूर्ण किया इसमें सिरोंज को जिला बनाने , केथन डेम,तालाब और मरघट को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग रखी हैं।

## सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर रायसेन जिला सम्मानित

**रायसेन।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा वेबकास्ट के माध्यम से भोपाल स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में आयुष्मान भवः अभियान का वर्चुअली शुभारंभ किया गया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडिया भी वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय भोपाल में स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी, चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयुष्मान भवः कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी तथा चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग द्वारा प्रदेश में रायसेन जिले को निक्षय मित्र अभियान में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया तथा सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री के नेतृत्व में रायसेन जिले में निक्षय मित्र अभियान चलाया गया।

## जिले में चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान ईवीएम

**रायसेन,दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिनमें रैली, रंगोली, मेहंदी, निबंध लेखन सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही नवीन मतदाता सहज रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इसके लिए जिले में सार्वजनिक स्थलों तथा मतदान केन्द्रों पर ईवीएम, वीवीपैट का मतदाताओं के सक्षम प्रदर्शन करने हुए वोट डालने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

**कार्यालय प्राचार्य, सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय**
**शिवाजी नगर, भोपाल - 462016**
दूरभाष: 0755-2552560 (कार्या.) 0755-2469466 (नि.) फैक्स: 0755-2552567
ई-मेल : hegsngpgcbho@mp.gov.in

क्रमांक / 3106/स्था./सनाशकम/2023 भोपाल, दिनांक 8.9.2023

**निविदा विज्ञापन**

सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल के सत्र 2023-24 महाविद्यालय की कैंटीन संचालन हेतु पंजीकृत संस्थाओं से खुली निविदाएं आमंत्रण की जाना है। निविदा और अनुबंध की शर्ते एवं आवेदन पत्र रुपये 1000/- जमाकर कार्यालयीन समय में महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सीलबंद निविदायें दिनांक 29.9.2023 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय में जमा की जा सकती है। उक्त तिथि पश्चात् प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी। किसी भी निविदा के स्वीकार या अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय महाविद्यालय प्राचार्य का होगा।
**नोट :-** नियम एवं शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

(डॉ. शैलबाला सिंह बघेल)
प्राचार्य
G19594/23

## विभिन्न गॉवों में पहुंचे विकास रथ नागरिकों को दी गई सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी

**रायसेन,दोपहर मेट्रो**

प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए रायसेन जिले की सभी विधानसभाओं में ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में विकास रथों द्वारा निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। इन विकास रथों में लगी हुई एलईडी के माध्यम से शासन की योजनाओं तथा विकास कार्यो पर केन्द्रित वीडियो क्लिप के माध्यम से नागरिकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में 13 सितम्बर को विकास रथों द्वारा उदयपुरा तहसील के ग्राम केतोघान, पिपरिया, पुआरिया, छातेर सहित अन्य ग्राम तथा सिलवानी नगर के विभिन्न वार्डो में जाकर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ, मुख्यमंत्री किसान कल्याण सहित अन्य योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी दी गई।



**मेट्रो एंकर** सीईओ द्वारा एक निजी दुकान को फायदा पहुँचाया जा रहा है

# युवा कांग्रेस ने राज्यपाल , मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन,जनपद सीईओ पर मनमानी से कम करने के लगाए आरोप

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

बुधवार को युवा कांग्रेस ने राज्यपल, मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास एवं पंचयात मंत्री, मुख्य सूचना आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देते हुए कहा कि जनपद सीईओ की कार्य प्रणाली से सभी लोग परेशान हैं , भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जनपद सीईओ वंदना शर्मा द्वारा 8 सितम्बर 2023 को पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों को एक आदेश पत्र जारी कर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना पर केन्द्रित प्रत्येक पंचायत में 2 फ्लेक्स लिंकरोड स्थित एक फ्लेक्स से छपवाकर भुगतान करने के निर्देश दिये गये। जबकि नगर में अन्य फ्लेक्स दुकान भी स्थित है उन दुकानों के नाम आदेश पत्र में उल्लेख नहीं किया। उक्त फ्लेक्स अन्य दुकानों पर काफी कम कीमत पर छपवा सकते है। जिससे सीईओ द्वारा एक निजी दुकान को फायदा पहुँचाया जा रहा है और पूर्व में जनपद सीईओ द्वारा फरवरी माह 2023 में पूर्व सीएम एवं कॉग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ के दौरे के दौरान क्षेत्र के कॉग्रेस नेताओं ने मंडी बायपास रोड स्थित सामुदायिक अंबेडकर भवन को किराये पर आमसभा में शामिल होने आ रहे लोगों के भोजन बनाने की व्यवस्था के लिऐ मांगा गया तब भी सीईओ द्वारा उक्त सामुदायिक अंबेडकर भवन को भोजन बनाने के लिऐ नहीं दिया गया। गत दिनों वाल्मिकी समाजजनों द्वारा अपने एक सामाजिक कार्यक्रम के आयोजन के लिऐ भी सामुदायिक भवन किराये पर मांगा गया सीईओ ने वाल्मिकी समाजजनों को देने से स्पष्ट मना कर दिया।



### क्षेत्र में काफी आक्रोश व्याप्त है

और पूर्व में सावन माह में जनपद प्रबंधन द्वारा विधायक के सरंक्षण में आयोजित कावड़ यात्रा के लिऐ मंच व्यवस्था सहित पेयजल, बिजली व साफ, सफाई के लिऐ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर एक आदेश पत्र जारी किया गया। जबकि नगर में पूर्व मंत्री राधौगढ़ जयवर्धन सिंह सहित अन्य समाजसेवियों की कावड़ यात्राऐं निकाली जनपद प्रबंधन द्वारा विधायक के सरंक्षण में आयोजित कावड़ यात्रा की तरह व्यवस्थाओं को लेकर न तो कर्मचारियों की ड्यूटी लगायीं और ना ही आदेश पत्र जारी किया गया और जनपद प्रबंधन द्वारा कावड़ यात्राओं में व्यववस्थाओं के नाम पर भेदभाव किया गया। जिससे क्षेत्र में काफी आक्रोश व्याप्त है। वर्तमान जनपद सीईओ की कार्यप्रणाली मनमर्जी पूर्वक होकर तानाशाही रवैया है और सत्तापक्ष से काफी प्रभावित प्रतीत हो रहीं है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र बघेल द्वारा जनपद सीईओ पर आरोप लगाए गये की एक निजी दुकान को फायदा पहुँचाने के लिऐ फ्लेक्स छपवाने के लिऐ निकाला गया आदेश तत्काल वापस लिया जावें। आगामी विधानसभा चुनाव में जनपद सीईओ की कार्यप्रणाली के कारण आगामी विधानसभा चुनाव क्षेत्र में निष्पक्षता पूर्वक होना संदेह है।

बेबाक खबर हर दोपहर
**दोपहर मेट्रो**
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ



विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

### श्रीलंका-पाकिस्तान के 2-2 पॉइंट्स हैं, मैच जीतने वाली टीम के पास होंगे 4 पॉइंट्स

# श्रीलंका के नहीं जीतने पर भारत और पाकिस्तान के बीच होगा फाइनल

**कोलंबो, एजेंसी**

**एशिया कप-2023 का 5वां सुपर-4 मुकाबला आज श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में शुरू होगा। आज जीतने वाली टीम फाइनल में प्रवेश करेगी, जबकि दूसरी बाहर हो जाएगी। यदि श्रीलंका हार जाता है तो एशिया कप इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान फाइनल खेला जाएगा।**


कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम

श्रीलंका और पाकिस्तान के 2-2 पॉइंट्स हैं और मैच जीतने वाली टीम के पास 4 पॉइंट्स होंगे। भारत पहले ही 4 पॉइंट्स लेकर टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच चुका है। अगर मुकाबला बारिश की वजह से रद्द होता है, तो श्रीलंका टीम फाइनल खेलेगी। क्योंकि उसका रन रेट पाकिस्तान से बेहतर है। यह दोनों ही टीमों का तीसरा और आखिरी सुपर-4 मैच है। डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका ने पहले मैच बांग्लादेश को 21 रन से हराया था और दूसरे मैच में भारत से 41 रन से हार गई थी। दूसरी ओर पाकिस्तान ने पहले सुपर-4 मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया और दूसरे में भारत से 228 रन से हार गई। श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच अब तक 155 वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं। पाकिस्तान ने 92 और श्रीलंका ने 58 मैचों में जीत हासिल की है। 4 मैच नो रिजल्ट और एक मैच टाई रहा है। आखिरी बार 2019 में आमने-सामने हुई थीं तब पाकिस्तान को जीत मिली थी। अगर पाकिस्तान जीतता है, तो उनकी श्रीलंका पर लगातार नौवीं जीत होगी।

**श्रीलंका की ओर से समरविक्रमा के नाम सबसे ज्यादा रन:** श्रीलंका की ओर से एशिया कप 2023 में सबसे ज्यादा रन सदीरा समरविक्रमा के नाम है। दुनिथ वेल्लालागे ने देश के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। वहीं रोहित शर्मा ने भी 10 हजार रन पूरे किए हैं।

### बाबर आजम टूर्नामेंट में पाक के टॉप स्कोरर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मैच से पहले बताया कि नसीम शाह कंधे में इंजरी के चलते एशिया कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह जमान खान को टीम में शामिल किया गया है। हारिस रऊफ भी इंजरी के कारण भारत के खिलाफ बॉलिंग नहीं कर सके थे, उन्हें भी श्रीलंका के खिलाफ आराम दिया जाएगा। रऊफ की जगह मोहम्मद वसीम जूनियर को मौका मिला है। मैच से पहले पाकिस्तान ने अपनी प्लेइंग-11 अनाउंस कर दी। हारिस, नसीम के साथ फहीम अशरफ और फखर जमान को भी बाहर किया गया है। इनकी जगह मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, जमान खान और मोहम्मद वसीम खेलेंगे। एशिया कप 2023 में पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान बाबर आजम ने बनाए हैं। गेंदबाजी में हारिस रऊफ ने शानदार प्रदर्शन किया है। कोलंबो में बारिश की 93 फीसदी आशंका है। तापमान 26 से 31 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच आमतौर पर स्पिनरों के लिए मददगार रही है, साथ ही यहां बल्लेबाजों को भी अच्छी मदद मिलती है। दूसरी ओर, तेज गेंदबाजों को इस मैदान पर मुश्किल होती है।

# साउथ अफ्रीका की 5 वनडे मैचों की सीरीज में वापसी



**पोचेस्ट्रूम, एजेंसी**

एडेन मार्करम के नाबाद शतक की बदौलत साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 111 रनों से हराया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका ने 5 वनडे मैचों की सीरीज में वापसी कर ली है। पोचेस्ट्रूम में खेले गए तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 6 विकेट के नुकसान पर 338 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 34.3 ओवर में 227 रन पर ढेर हो गई। वहीं कप्तान टेम्बा बावुमा और क्विंटन डी कॉक के बीच दक्षिण अफ्रीका के लिए 21 मैच में पहली शतकीय पार्टनरशिप की। दोनों ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। साउथ अफ्रीका का पहला विकेट 146 रन पर गिरा। क्विंटन डी कॉक 22.5 ओवर में ट्रेविस हेड की गेंद पर डेविड वार्नर को कैच देकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 77 गेंदों में 82 रन की पारी खेली। डी कॉक के जाने के बाद टेम्बा बावुमा भी ज्यादा देर विकेट पर टिक नहीं सके और वे भी 150 के टीम स्कोर पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। बावुमा ने 62 गेंदों में 57 रन की पारी खेली। वहीं मीडिल ऑर्डर में एडेन मार्करम ने नाबाद 102 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने 2 और तन्वीर सांघा, नाथन एलिस ने 1-1 विकेट लिए। वार्नर ने 56 गेंदों पर 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 78 रन की पारी खेली।

टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन डेविड वार्नर ने बनाए। उन्होंने 56 गेंदों पर 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 78 रन की पारी खेली। ट्रेविस हेड ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान मिचेल मार्श ने 26 गेंदों पर 29 रन बनाए।



# डॉलर की मजबूती से सोने-चांदी की कीमतें घटने लगीं

### 71 हजार के नीचे आई चांदी

## मेट्रो बाजार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, बीते दिन सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने के दाम 141 रुपए गिरकर 58,724 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गए हैं। वहीं 18 कैरेट सोने की कीमत 44,043 रुपए रह गई है। बीते दिन चांदी की कीमत में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। ये 107 रुपए फिसलकर 70,793 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 70,900 रुपए पर थी। अमेरिका में अर्थव्यवस्था सुधर रही है और बेरोजगारी घट रही है। इसके चलते इस माह वहां ब्याज दरें बढ़ने की आशंका है। ऐसे में डॉलर मजबूत होगा। इससे सोने-चांदी की कीमतें घटने लगीं। इसके अलावा घरेलू बाजार में कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद मांग थोड़ी सुस्त पड़ गई। कीमतें नीचे आने के बीच त्योहारों में मांग बढ़ेगी। इसके चलते दिवाली तक सोना 62,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 78-80 हजार रुपए प्रति किलो तक जा सकती है। 2023 के अंत तक सोना 65,000 रुपए का और चांदी 90,000 रुपए तक पहुंचने की संभावना है।



सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2023-24 की दूसरी सीरीज सोमवार यानी 11 सितंबर से खुल रही है। इसमें 15 सितंबर तक निवेश कर सकते हैं। इस बार के लिए सोने की कीमत 5,923 रुपए प्रति 1 ग्राम तय की है। इसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से निवेश किया जा सकता है।

## होंडा की स्ट्रीट फाइटर डुअल चैनल के साथ लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपडेटेड स्ट्रीट फाइटर बाइक सीबी 300 एफ को लॉन्च किया है। इसका स्पोर्टी लुक इंटरनेशनल बिग बाइक डिजाइन से लिया गया है। बाइक में सेफ्टी के लिए डुअल चैनल ब्रेकिंग सिस्टम दिया गया है। बाइक का मुकाबला अपाचे से होगा। यह डीलक्स प्रो वैरिएंट और तीन कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल है। इसमें स्पोर्ट्स रेड, मैट मार्वल ब्लू मेटैलिक और मैट एक्सिस ग्रे मेटैलिक कलर शामिल है। बाइक की कीमत 1.7 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है और कस्टमर्स नजदीकी होंडा बिगविंग डीलरशिप पर जाकर बाइक बुक कर सकते हैं। नई होंडा में सिंगल-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो टॉर्क जनरेट करता है। इंजन असिस्ट स्लिपर क्लच के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स से लैस है। ये इंजन बाइक ई-20 पेट्रोल में पर भी चल सकती है। कंफर्ट राइडिंग के लिए बाइक के फ्रंट में गोल्डन स्ष्ठ फोर्क्स और रियर में 5-स्टेप एडजस्टेबल मोनो-शॉक दिया गया है। ब्रेकिंग के लिए डुअल चैनल के साथ 220 रियर डिस्क ब्रेक मिलते हैं। इसमें होंडा का सेलेक्टेबल टॉर्क कंट्रोल भी मिलता है।



बाइक में 5 लेवल ब्राइटनेस के साथ फुली डिजिटल इंस्ट्रुमेंट क्लस्टर दिया गया है। ये स्पीड, टैकोमीटर, फ्यूल लेवल, ट्विन ट्रिप मीटर, गियर पोजिशन इंडिकेटर और बहुत कुछ इन्फॉरमेशन शो करती है।

### भारत में 5 अक्टूबर से शुरू होगा वनडे वर्ल्ड कप

# अफगानिस्तान की टीम का हुआ ऐलान, पहला मैच 7 अक्टूबर को बांग्लादेश से

**काबुल, एजेंसी**

अफगानिस्तान की टीम का ऐलान हो गया है। अफगानी बोर्ड ने टीम की कमान हशमतुल्लाह शाहिदी को सौंपी है। बोर्ड ने वर्ल्ड कप अभियान के लिए टीम में बड़े बदलाव किए हैं। टीम से एशिया कप खेलने वाले 4 खिलाड़ियों को ड्रॉप किया गया है, जबकि 3 नए चेहरों को जगह दी गई है। अफगानी टीम 7 अक्टूबर से धर्मशाला में बांग्लादेश के खिलाफ अपने वर्ल्ड कप अभियान का आगाज करेगी। वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू होगा। अफगानिस्तानी टीम अपने वर्ल्ड कप अभियान का आगाज बांग्लादेश के खिलाफ 7 अक्टूबर को धर्मशाला के मैदान पर करेगी। वर्तमान शेड्यूल के अनुसार हर टीम को 9-9 लीग मुकाबले खेलने हैं।



**टीम एशिया कप के लीग राउंड से ही बाहर:** अफगानिस्तान टीम एशिया कप में खास प्रदर्शन नहीं कर सकी है। टीम पाकिस्तान की मेजबानी में खेले जा रहे टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई। इस राउंड में उसने दोनों मुकाबले हारे थे। अफगानिस्तानी टीम को श्रीलंका ने 2 रन और बांग्लादेश ने 89 रन से हराया था। वर्ल्ड कप के लिए हशमतुल्लाह शाहिदी को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। एशिया कप खेलने वाले 4 खिलाड़ी इस टीम से ड्रॉप किए गए हैं, जबकि 3 नए खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप का टिकट मिला है।

## रोहित ने केएल राहुल की तारीफ की

**लंदन, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने चोट से वापसी कर रहे केएल राहुल की तारीफ की। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में रोहित शर्मा ने कहा, विराट की पारी शानदार थी और केएल, आखिरी मिनट में चोट से उबरकर टॉस से 5 मिनट पहले खेलने के तैयार हुए। हमने उससे टॉस से 5 मिनट पहले कहा कि तैयार हो जाओ। ये खिलाड़ी (राहुल) की मानसिकता को दर्शाता है। ओपनर्स और फिर विराट और केएल के साथ बहुत सारी पॉजिटिविटीज थीं। पाकिस्तान के खिलाफ रोहित (56 रन) ने ओपनिंग करते हुए अर्धशतक लगाया, उनके जोड़ीदार शुभमन गिल (58 रन) ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। रोहित ने कहा, कल से ही यह शानदार प्रदर्शन था। जब हमने शुरुआत की, तो हमें पता था कि विकेट अच्छा है और हमें बारिश के साथ तालमेल बिठाना होगा।

# एशिया कप : भारत और बांग्लादेशी की टीम के बीच 15 को होगा आखिरी सुपर-4 का मुकाबला

**टाका, एजेंसी**

एशिया कप में 15 सितंबर को आखिरी सुपर-4 मुकाबले में भारत के खिलाफ बांग्लादेशी टीम में मुश्फिकुर रहीम की जगह लिट्टन दास विकेटकीपिंग करते दिखाई दे सकते हैं। हालांकि बांग्लादेशी टीम टूर्नामेंट से पहले ही बाहर हो चुकी है। रहीम ने पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेली थी। बांग्लादेश की टीम एशिया कप के मौजूदा सीजन से बाहर हो चुकी हैं। टीम ने सुपर-4 स्टेज में एक भी मुकाबला नहीं जीता। टीम को पाकिस्तान ने 7 विकेट और श्रीलंका ने 21 रन से हराया है। बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम भारत के खिलाफ एशिया कप में टीम का आखिरी मुकाबला नहीं खेलेंगे। रहीम को छुट्टियां दी हैं, ताकि वे अपने नवजात बच्चे और परिवार को अधिक टाइम दे सके। दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो के मैदान पर 29 रन बनाए थे। उन्होंने 6 सितंबर को लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ 64 रनों की अर्धशतकीय पारी भी खेली थी। रहीम ने इस टूर्नामेंट के 4 मैच में 32.75 के एवरेज से 131 रन बनाए हैं। इनमें एक फिफ्टी शामिल हैं।

### भारतीय टीम पहले ही फाइनल में

बता दें टीम इंडिया अपने आखिरी सुपर-4 मुकाबले से पहले ही एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने श्रीलंका पर 41 रनों की जीत हासिल की। पॉइंट्स टेबल में भारतीय टीम के 4 अंक हो गए हैं। इसलिए वह फाइनल में पहुंच गया।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

## बॉलीवुड की पॉलिटिक्स से परेशान हो चुकी थी एक्ट्रेस प्रियंका चौपड़ा

साल की शुरुआत में प्रियंका ने डेक्स शेफर्ड के पॉडकास्ट शो आर्मचेयर एक्सपर्ट से बात करते हुए कहा था कि बॉलीवुड में आउटसाइडर्स को काम करने के मौके कम ही दिए जाते हैं। प्रियंका ने ये भी कहा था कि उन्होंने बॉलीवुड की पॉलिटिक्स से परेशान होकर इंडस्ट्री से दूरी बनाई। प्रियंका ने बॉलीवुड से दूरी बनाने की वजह पर बात करते हुए कहा था- मुझे बॉलीवुड में कॉर्नर किया जा रहा था। लोग मुझे अपनी फिल्मों में कास्ट करने को तैयार नहीं थे, लोगों को मुझसे कई शिकायतें भी थीं। मैं उनकी तरह उनके गेम्स में शामिल नहीं होना चाहती थी इसलिए मैंने इस इंडस्ट्री से ब्रेक लिया। इस दौरान प्रियंका ने किसी का नाम नहीं लिया था। लेकिन, सोशल मीडिया पर यूजर्स ये कयास लगा रहे थे कि प्रियंका ने करण जौहर पर निशाना साधा है। कुछ दिनों बाद कंगना रनोट ने भी ये कहा था कि करण जौहर ने प्रियंका जैसी सेल्फ-मेड वुमन को इतना परेशान किया कि उन्होंने इंडस्ट्री छोड़कर जाना पड़ा। प्रियंका 2015 में अमेरिकन शो क्वांटिको में दिखी थीं। इसके बाद से प्रियंका बेवॉच, मेट्रिक्स व लव अगेन जैसी हॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकी हैं।



‘सुखी’ फिल्म में नजर आएंगी एक्ट्रेस

## शिल्पा शेट्टी बोली- आउटडोर शूट पर मां मेरे साथ जाती थी



शिल्पा शेट्टी की अगली फिल्म ‘सुखी’ है। एक्ट्रेस इन दिनों इस फिल्म के प्रमोशन पर बिजी हैं। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने करियर में ब्रिटिश रियलिटी टीवी शो ‘बिग ब्रदर’ की अहमियत पर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे इस शो ने उन्हें इंडिपेंडेंट बनाया। 90 के दशक में भले ही शिल्पा की कई फिल्में हिट रही हों पर उन्हें कभी भी टॉप एक्ट्रेस का दर्जा नहीं मिला। हालांकि, 2007 में ब्रिटिश रियलिटी टीवी शो ‘बिग ब्रदर’ की विजेता बनने के बाद उनकी लाइफ में बहुत बस्र्श चेंज आया। सिद्धार्थ कनन को दिए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने कहा, ‘इस शो ने मुझे फिल्मों से ज्यादा पॉपुलैरिटी दी। मेरा मानना है कि यहीं से मेरे करियर को पोएटिक जस्टिस मिला। कई ऐसे एक्टर्स हैं जिन्हें फिल्मों से भी वो पॉपुलैरिटी नहीं मिली, जो मुझे इस शो से मिल गई। यह मेरे लिए लाइफ चेंजिंग शो रहा।’ इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि इस शो के बाद उन्होंने लाइफ में इंडिपेंडेंट रहना सीखा, वर्ना इससे पहले तो उनकी मां हर वक्त उनके साथ रहती थीं। शिल्पा ने कहा, ‘यह मेरे लिए काफी मुश्किल था।

## महिमा की मुस्कुराहट बन गई थी नेशनल क्रश



शाहरुख खान के साथ शोमैन सुभाष घई की फिल्म परदेस से रुपहले पर्दे पर डेब्यू करने वाली महिमा चौधरी का आज जन्मदिन है। जब परदेस थिएटर में आई तो महिमा की मुस्कुराहट ने उन्हें नेशनल क्रश का तमगा दिला दिया था। इसके बाद दाग जैसी फिल्मों में भी वो सराही गईं। हालांकि एक एक्सीडेंट ने उन्हें फिल्मों से कुछ दिनों के लिए दूर कर दिया था। पर्सनल लाइफ भी दुखों से घिरी रही। तलाक और मिसकैरेज का दुख झेलना पड़ा।

### फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए मां ने किया था सपोर्ट

महिमा चौधरी का फिल्मों में आने से पहले उनका नाम रितु चौधरी था। इंडस्ट्री में आने के बाद सुभाष घई के कहने पर उन्होंने अपना नाम महिमा चौधरी रख लिया था। सुभाष घई का मानना था कि रूनाम की एक्ट्रेसेस उनकी फिल्मों के लिए लकी होती हैं। महिमा शुरुआत में स्पोर्ट्स में बहुत अच्छी थीं। पिता को लगता था कि वो बड़ी होकर स्पोर्ट्सपर्सन या आर्मी में जाएंगी, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। 16-17 साल की उम्र में महिमा का मन फिल्मों में बस लगने लगा। वो फिल्मी दुनिया के सपने देखने लगीं। फिल्मों से उन्हें इतना प्यार हो गया है कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने के बारे में सोचा। जब ये बात उनके पिता को पता चली तो वो काफी नाराज हुए। हालांकि इस समय महिमा को उनकी मां ने पूरा सपोर्ट किया। कई रिपोर्ट्स का दावा है कि महिमा के इस फैसले से नाराज होकर पिता ने उनसे लगभग 1 साल तक बात नहीं की थी। पहली ऐड में एक्टिंग में आने के लिए महिमा ने मॉडलिंग का सहारा लिया। पहला ऐड उन्होंने पेप्सी का किया था। इस ऐड में वो ऐसी मॉडल थी जो दिल्ली से सिलेक्ट हुई थीं और आमिर-ऐश्वर्या को मुंबई से सिलेक्ट किया गया था। ये उस समय का काफी फेमस ऐड में से एक था और उस समय के सभी क्रिकेट मैच के बीच में ऐड को दिखाया जाता था।

विधायक रामेश्वर शर्मा के करीबी कहे जाने वाले शेरू व उसके साथियों द्वारा कोटवार पर पेशाब करने व मारपीट का मामला

# विधायक के बचाव में पुलिस ने कांग्रेसियों पर चलाई वाटर कैनन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा के करीबी गए जाने वाले चौपड़ा कलां गांव की सरपंच के पति शेरू मीणा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके साथ एक और आरोपी खेमराज को पकड़ा गया है। इसके पहले पांच आरोपियों को पकड़ा जा चुका था। उन्हें भी जेल भेजा जा चुका है।**

### अब तक 7 आरोपियों पकड़ चुकी पुलिस

वहीं इस मामले में कांग्रेस हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा का नाम जोड़ रही है। कांग्रेसियों ने शर्मा के मालवीय नगर स्थित कार्यालय का घेराव करने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक रोक लिया। दोनों पक्षों के बीच झूमाझटकी तक की नौबत बन गई। मजबूरन पुलिस को वाटर कैनन चलानी पड़ी।

सूखीसेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक 10 सितंबर को चौपड़ा कलां के रामस्वरूप अहिरवार को पटवारी ने बताया था कि कोई व्यक्ति जमीन पर तार फेंसिंग कर रहा है। जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि शेरू मीणा फेंसिंग का काम कर रहा है। जिसे उसने रोकने का प्रयास किया। इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। रामस्वरूप के दावे के अनुसार कुछ समय बाद शेरू मीणा के साथी तुषार, अभिषेक, लेखराज, संजू, दीपक और परवेज मौके पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट करने लगे। बाद में उसे अगवा करके शेरू अपने अपने फार्म हाउस पर ले गया था। जब वह मरणासन्न अवस्था में पहुंच गया और बेहोश होने की कगार पर पहुंच गया तो उसने पानी मांगा था, जो कि उसे नहीं दिया और शेरू मीणा साथियों से कहने लगा कि इसे पानी नहीं पेशाब पिलाओ, तब सीधा रहेगा। उसके आरोपों के मुताबिक शेरू के साथियों ने उस पर पेशाब कर दी थी। बाद में लांबाखेड़ा के पास एक ढाबे के किनारे छोड़कर भाग गए थे। वह किसी तरह परिजनों के साथ सूखीसेवनिया थाने पहुंचा था और मामले में रिपोर्ट लिखने की बात कही थी लेकिन पुलिस टरकाती रही। गांव कोटवार का आरोप है कि शेरू भाजपा नेता का करीबी है। यही आरोप कांग्रेसियों ने भी बुधवार को लगाए थे।



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप मोनू सक्सेना ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार दलितों पर अत्याचार कर रही है। इसका उदाहरण है कि विधायक दबंगों को संरक्षण दे रहे हैं। इस मामले में विधायक रामेश्वर शर्मा की ओर से मीडिया में बयान आया है कि कांग्रेस इस मामले को जबरन तूल दे रही है, इसमें कोई भी सच्चाई नहीं है।

आईटी पार्क के सामने सड़क दुर्घटना

## कार ने मारी ऑटो को टक्कर, चालक और दो महिलाएं घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित आईटी पार्क के सामने बुधवार दोपहर एक कार की टक्कर से आटो सवार महिला सड़क पर गिर गई। इस हादसे में आटो चालक समेत सड़क पर गिरी महिला और आटो में बैठी एक अन्य महिला को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आटो चालक की शिकायत पर कार चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार असलान खान, इस्लामपुरा तलैया में रहते हैं और आटो किराए पर लेकर चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार दोपहर करीब सवा बजे के आसपास वह अपने आटो में सवारी बिठाकर गांधीनगर से करोंद की तरफ जा रहे थे। इस दौरान आटो के सामने एक कार चल रही थी। आईटी पार्क के सामने पहुंचते ही कार के चालक ने तेजी और लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए बिना इंडीकेटर दिए दाहिने तरफ मोड़ दी। एकाएक कार मोड़ने से रफ्तार में चल रहा आटो टकरा गया। आटो टकराने से चालक असलान खान को हाथ में गंभीर चोट आई थी, जबकि आटो मे बैठी सवारी शिवानी अहिरवार चलते आटो से गिर गई और उन्हें कमर, बाएं हाथ समेत दाहिने पैर में गंभीर चोट आई हैं। हादसे के समय आटो मै बैठी एक अन्य सवारी बबीता बंशल को भी दाहिने पैर मे चोट लगी है।




## सागर से इलाज कराने आए व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित लालघाटी में एक व्यक्ति ने कल शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज करेगी। पुलिस के अनुसार रामदयाल मिश्रा (55) मूलत- सागर के रहने वाले थे। वे बीमार थे और उनका इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा था। बार बार सागर से इलाज कराने वह आते थे। लिहाजा उन्होंने यहां किराए का कमरा ले लिया था और उसी में रह रहे थे। मकान मालिक ने कल शाम रामदयाल को फांसी के फंदे पर देखकर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है।

## महाराष्ट्र से भोपाल आए भाइयों से झूमा-झटकी, नुकीले हथियार से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

महाराष्ट्र से खिलौने का सामान खरीदने भोपाल आए भाइयों के साथ तीन बदमाशों ने अंधेरे में झूमाझटकी कर दी, जिससे एक भाई की जेब में रखे रुपए गायब हो गए। बदमाशों का पीछा करते हुए दोनों भाई स्टेशन तक पहुंच गए तो बदमाशों ने उन पर नुकीली चीज से हमला कर दिया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मुकेश वकोड़ (28) जिला बुलढाणा महाराष्ट्र का रहने वाला है। तीन-चार दिन पहले वह अपने भाई उमेश के साथ प्लास्टिक के खिलौने के सामान खरीदने के लिए भोपाल आया था। मंगलवार शाम करीब सात बजे दोनों भाई गरीब नवाज होटल से खाना खाकर पैदल अल्पला टाकीज के पीछे स्थित डेरे पर जा रहे थे। रंजीत होटल की गली में पहुंचने पर तीन युवकों ने दोनों भाइयों के साथ झूमाझटकी कर दी और भाग निकले। इस दौरान उमेश की जेब में रखे कुछ रुपए गिर गए। मुकेश और उमेश उनका पीछा करते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर पहुंचे तो तीनों बदमाश शेड के नीचे बैठे मिले। भाइयों के देख कर वह उन्हें गाली देने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने किसी नुकीली चीज से दोनों पर हमला कर दिया। मुकेश के गर्दन के ऊपर सिर में और उमेश के बायीं भुजा पर चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया है।



## सहकारिता कर्मियों की हड़ताल खत्म, अब होगी महापंचायत

**भोपाल ।** 16 अगस्त से चल रही सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल स्थगित हो गई है। मध्य प्रदेश संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों की सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के साथ बैठक में तय हुआ कि 15 सितंबर को लाल परेड मैदान पर महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें कर्मचारियों की वेतनमान और अलग संवर्ग बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान घोषणा कर सकते हैं। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के राष्ट्रीय संगठन के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि लंबे आंदोलन के बाद सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों की महापंचायत बुलाने का निर्णय लिया गया है।

## रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी पाइंट्समैन की बाइक चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रानी कमला पति रेलवे स्टेशन के बाहर मंदिर के पास खड़ी पाइंट्समैन की बाइक अज्ञात चोर ने चुरा ली। घटना के समय पाइंट्समैन बाइक खड़ी कर अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। जब उन्हें बाइक मंदिर के पास नहीं मिली तो उन्होंने गोविंदपुरा पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि अनिल चंदेल पिता महेश चंदेल (32) खेजड़ा बरामद, भानपुरा में रहते हैं और रेलवे में पाइंट्समैन हैं। उनकी ड्यूटी रानी कमलापति स्टेशन पर थी। 11 सितंबर की रात वह अपनी होंडा साइन बाइक से ड्यूटी पहुंचे थे। रात करीब पौने 12 बजे उन्होंने बाइक प्लेटफार्म नंबर पांच की बाहर मंदिर के बगल में खड़ी की और ड्यूटी पर चले गए थे। रात करीब दो बजे वह मंदिर के पास पहुंचे तो उनकी बाइक वहां नहीं थी। उन्होंने बाइक की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने बुधवार को अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



## फरार तीन हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन पुलिस ने हत्या के मामले में फरार तीन हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राम विश्वकर्मा उर्फ विकास विश्वकर्मा (20) निवासी भोपाल एकेडमी स्कूल के पास नवीन नगर ऐशबाग के खिलाफ बलवा, मारपीट, आर्म्स एक्ट और हत्या का मामला दर्ज था। आरोपी घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी अपने परिवार वालों से मिलने के लिए आने वाला है। इस पर पुलिस की एक टीम ने घर के आसपास नजर रखी और जैसे ही आरोपी पहुंचा, उसे पकड़ लिया। इस मामले में उसके पास से एक स्कूटर भी जब्त की गई है।


फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि फरियादिया हुमा खान निवासी मयूर विहार कालोनी अशोका गार्डन के पति ताहिर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने हुमा की रिपोर्ट पर 19 फरवरी 2023 को अपराध दर्ज किया था। कई आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी, लेकिन राम विश्वकर्मा फरार था।

### गमी में पत्थर फेंक रहे असामाजिक तत्वों को रोका तो कर दी मारपीट

**भोपाल।** पिपलानी पुलिस ने एक युवक की रिपोर्ट पर तीन-चार लड़कों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक विशाल वर्मा (26) पचास क्वार्टर पिपलानी में रहता है और मोबाइल कंपनी में प्रमोटर का काम करता है। मंगलवार रात वह मोहल्ले में खड़ा था, जहां एक गमी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच देखा कि तीन-चार लड़के अकारण ही कार्यक्रम स्थल पर पत्थर फेंक रहे हैं। उसने उन लड़कों को पत्थर फेंकने से मना किया तो लड़कों ने उसके साथ मारपीट करते हुए डंडे से हमला कर दिया। इससे विशाल के सिर और शरीर में गंभीर चोट आई। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो सभी लड़के वहां से भाग निकले। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### पांच सौ रुपए की अड़ीबाजी, चाकू से हमला, दो युवकों की तलाश

**भोपाल।** शहजहांनाबाद पुलिस ने एक युवक की रिपोर्ट पर दो युवकों के खिलाफ मारपीट, चाकूबाजी और अड़ीबाजी का केस दर्ज किया है। आरोपी शराब के लिए पांच सौ रुपये की मांग कर रहे थे। रुपये नहीं देने पर युवक और उसके साथियों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक सोनू राजपूत (25) टीला जमालपुरा में रहता है और पुताई का काम करता है। मंगलवार रात करीब पौने ग्यारह बजे वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ पैदल घर लौट रहा था। काली मंदिर पानी की टंकी के पास पहुंचा तो आटो से नवेद और नवाब पहुंचे और सोनू से शराब के लिए पांच सौ रुपये की अड़ीबाजी करने लगे। उसने रुपए देने से मना किया तो मारपीट करते हुए सिर में चाकू से हमला कर दिया।

## बुजुर्ग से शराब के लिए अड़ीबाजी कांच से पेट पर किया हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित रमन स्कूल के पास आम रोड पर दो बदमाशों ने बुजुर्ग से शराब के लिए अ?ीबाजी की। रुपए नहीं देने पर आरोपियों ने उन पर कांच के टुक? से हमला कर दिया। कांच का टुक?ा पेट पर लगने के कारण उन्हें गंभीर चोट आई है। घटना के बाद वह किसी तरह घर पहुंचे और पत्नी को जानकारी दी। पत्नी उन्हें जय प्रकाश अस्पताल ले गई थी। वहां इलाज कराने के बाद पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने उक्त मामले आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। चेला मुत्थू पिता रामा स्वामी (60) अन्ना नगर, गोविंदपुरा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह औद्योगिक क्षेत्र में काम करते हैं। मंगलवार शाम वह औद्योगिक क्षेत्र से काम कर साइकिल से लौट रहे थे। रमन स्कूल के पास पहुंचते ही स्कूल की वाउंड्री के पास रुके और लघुशंका करने लगे। इस दौरान वहां दो अज्ञात युवक आए और कहने लगे कि हमें शराब पीने के लिए पैसे चाहिए। चेला मुत्थू ने कहा कि मेरे पास पैसे नहीं है। इस पर दोनों युवक गालीगलौज करने लगे। चेला मुत्थू ने दोनों को गाली देने से मना किया तो एक युवक ने उन्हें पक? लिया, जबकि दूसरे युवक ने कांच के टुक? से उन पर हमला कर दिया। कांच का टुक?ा उनके पेट में बाई तरफ लगा था, जिससे खून निकलने लगा। चेला मुत्थू ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग निकले। घर पहुंचकर उन्होंने घटना की जानकारी अपनी पत्नी को दी थी। पत्नी उन्हें लहूलुहान स्थिति में जय प्रकाश अस्पताल ले गई वहां इलाज कराने के बाद पुलिस को शिकायत की।

**मेट्रो एंकर** फैजान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया

## युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद में मामूली बात को लेकर एक युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले नाबालिग समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक गांधी नगर निवासी फरहान खान सोमवार रात अपने बड़े भाई फैजान के साथ बहन से मिलने के लिए माडल ग्राउंड शाहजहांनाबाद आया था। उसने अपनी मोटर सायकिल गली में खड़ी की और बहन के घर चला गया। रात करीब पौने दस बजे दोनों भाई बाहर निकले तो देखा कि दो ल?के बाइक के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। उन्होंने इसका विरोध किया तो एक युवक ने फैजान के पेट और गले समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से हमला कर दिया, जिससे फैजान घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया। चिल्लाचोट सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो दोनों लड़के मौके से भाग निकले। गंभीर रूप से घायल फैजान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपपी सैयद समर उर्फ हुजेफा (19) निवासी कुएं वाली मस्जिद के पास शाहजहांनाबाद और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही आरोपियों का पहले से आपराधिक रिकार्ड है।



### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पलंग पर पड़ी मिली लाश

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित सतनामी नगर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश बेटे ने पलंग पर पड़ी देखकर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। आज पीएम के बाद परिजन को लाश सौंपी जाएगी। एएसआई मनोज कशवाह ने बताया कि सतनामी नगर, निवासी कुमारी जांगड़े पति शत्रुहन (42) गृहणी थी, जबकि उनका बेटा बंटी प्राइवेट काम करता है। कुमारी जांगड़े का पति शत्रुहन उसे छो? चुका है। यहां सतनामी नगर झुग्गी में मां बेटे किराए से रहते थे। बंटी ने पुलिस को बताया कि बुधवार शाम वह काम से बाहर गया था। वहां से रात करीब 10 बजे के आसपास घर लौटा तो मां बिस्तर पर लेटी हुई नजर आई। काफी देर तक वह एक ही स्थिति में नजर आई तो बंटी ने उन्हें आवाज दी थी, लेकिन कुमारी जांगड़े ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बंटी ने उन्हें पास जाकर उठाने का प्रयास किया तो शरीर में हलचल नहीं हो रही थी। उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो कुमारी जांगडें की मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि मृतिका के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। वह शराब पीने की आदी थी। अनुमान है कि बीमारी से उनकी मौत हुई है।

ज्योतिष परामर्श

*ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें*



श्रुति रावत ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं. 7869267010

कॉलिंग नंबर 7415497010

shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022